'सीएससी' का प्रबंधन कर रहे तीन लाख ग्रामीण स्तरीय उद्यमियों की सेवाएं बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट के रूप में ली जाएंगी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के अधीनस्थ एक विशेष उद्देश्य कंपनी 'सीएससी एसपीवी' ने एचडीएफसी बैंक के साथ एक समझौता किया है, ताकि साझा सेवा केन्द्रों (कॉमन सर्विस सेंटर) का प्रबंधन कर रहे इसके 3 लाख ग्रामीण स्तरीय उद्यमी (वीएलई) एचडीएफसी बैंक के बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट के रूप में अपना परिचालन कर सकें। इस समझौते पर एचडीएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री आदित्य पुरी और सीएससी एसपीवी के सीईओ डॉ. दिनेश कुमार त्यागी ने आज नई दिल्ली स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय में माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। सीएससी के वीएलई इस समझौते के तहत एचडीएफसी बैंक के बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट के रूप में काम करेंगे और वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में और सुगम्य बनाने की सरकारी पहल को व्यापक सहयोग प्रदान करेंगे। इस समझौते के एक 'गेम चेंजर' साबित होने की आशा है क्योंकि यह विभिन्न योजनाओं के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सुनिश्चित करने के सरकारी उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस पहल से विशेषकर महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे। इससे मनरेगा के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के भुगतान जैसी सरकारी हकदारी को जमा एवं निकासी करने में सुविधा होगी। विधवा पेंशन, दिव्यांग एवं वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि इन सामाजिक कल्याण योजनाओं में शामिल हैं।

भारत की डिजिटल कामयाबी में साथ देने के लिए एचडीएफसी के सीईओ श्री पुरी को बधाई देते हुए श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह पहल एक गेम चेंजर है और यह वित्तीय समावेश सुनिश्चित करने संबंधी सरकारी उद्देश्यों की प्राप्ति और डिजिटल इंडिया की सफलता गाथा में उल्लेखनीय योगदान देगा। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) योजना भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 'डिजिटल इंडिया' पहल का एक अभिन्न अंग है।

ज्ञान और सशक्तिकरण के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन-उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि ज्ञान और सशक्तिकरण के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है। पोर्टब्लेयर में आज डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वास्तविक शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सकें। शिक्षा में अकादमिक योग्यता और स्वरोजगार के लिए कौशल को समान महत्व दिया जाना चाहिए।

21वीं शताब्दी की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा प्रदान करने के तरीकों, पाठ्यक्रमों तथा ज्ञान प्राप्ति की प्रक्रियाओं में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केजी से लेकर पीजी तक की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता है। केवल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र पर ही नहीं, बल्कि छात्र के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाना चाहिए।

उच्च शिक्षा संस्थानों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों में सद्भावना, सहानुभूति और शिक्षकों व उम्र में बड़े लोगों के लिए आदर होना चाहिए। उनमें विद्वता के साथ-साथ तकनीकी कौशल तथा ईमानदारी और नैतिक मूल्य भी होना चाहिए।

उपराष्ट्रपति महोदय ने कहा कि छात्रों में बचपन से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाएि। बच्चों को रटने की बजाय प्रयोग के आधार पर विषय को सीखने का प्रयास करना चाहिए।



आंध्र प्रदेश स्थित श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एक परीक्षण के दौरान अंतरिक्ष यात्री बचाव प्रणाली (सीईएस) लॉन्च पैड से प्रक्षेपण करते हुए।

युके जानेवाले विद्यार्थियों को वीजा की जानकारी देने हेतु शहर में प्री- डिपार्चर ब्रिफींग का आयोजन

ब्रिटीश काउन्सिल ने इस वर्ष में आगे अध्ययन हेतु युके जानेवाले विद्यार्थियों को प्री- डिपार्चर ब्रिफींग में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इस सत्र में विद्यार्थियों की अपेक्षा विषय पर एक संक्षिप्त विवरण उपलब्ध कराया जायेगा और युके में विद्यार्थी जीवन की तैयारी करते समय उनको क्या करना क्या नहीं करना इस विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये जाएंगे। इस ब्रिफींग के दौरान विद्यार्थी को आगे पढ़ने के लिए युके की संस्था में रजिस्ट्रेशन कराया होऔर ऑफर एडमीशन मिला है, ऐसे साथी विद्यार्ती एवं पूर्व विद्यार्थियों के साथ सम्पर्क करने का मौका मिलेगा।

यह ब्रिफींग ब्रिटीश काउन्सिल , 503-506, 5वीं मंजिल, आम्रपाली लेक व्यू टावर, वस्त्रापुर लेक के पास, मंगलवार 10 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे आयोजित की जावेगी।

यह ब्रिफींग जिन विद्यार्थियों को युके की किसी भी शिक्षा संस्थान में सितम्बर 2018 से उनका कोर्स शुरू करने के लिए ऑफर ऑफ एडमीशन (जो युनिवर्सिटी ऑफर लेटर के नाम से जाना जाता है) मिला हो उनके लिए आयोजित की गयी है। इस ब्रिफींग में छात्रों को विजा एप्लीकेशन एवं संबंधित प्रक्रिया विषय का एक सत्र होगा, जो युके विजा एन्ड इमीग्रेशन (युकेवीआई) के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावा अन्य सत्र भी होंगे । (13-5)

अक्षय कुमार ने सैनिटेशन चैम्पियन के रूप में हार्पिक से मिलाया हाथ

हार्पिक, जो टॉयलेट क्लीनिंग श्रेणी में अग्रणी है, ने आज अपने नए मिशन 'Har Ghar Swachh' के लिए अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेस्डर बनाने की घोषणा की है। स्वच्छता और ओडीएफ पहलों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, अक्षय कुमार के साथ मिलकर हार्पिक का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को स्वच्छ टॉयलेट् तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करना और टॉयलेट् को हमेशा स्वच्छ रखने के महत्व पर प्रकाश डालना है।

इस घोषणा पर, सुखलीन अनेजा, सीएमओ, मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया RB हाइजीन होम, ने कहा, हार्पिक पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से टॉयलेट क्लीनिंग में एक्सपर्ट रहा है और टॉयलेट स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन लाने की दिशा में कई पहल की हैं। टॉयलेट के उपयोग और उसके रखरखाव पर उपभोक्ताओं को शिक्षित करने की ज़रूरत को देखते हुए, हार्पिक का लक्ष्य अपने मिशन 'Har Ghar Swachh' के जरिये लोगों को बुनियादी सफाई आदतों के बारे में जागरूक बनाना और हर भारतीय परिवार की स्वच्छ टॉयलेट तक पहुंच को सुनिश्चित करना है। पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से, अक्षय स्वच्छता मिशन चलाने के लिए एक प्रभावशाली चेहरा हैं और यह एक सम्मान है कि वह हमारे मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हार्पिक के ब्रांड एंबेस्डर बने हैं। हार्पिक और अक्षय के बीच एक समानता है कि वह विशेषज्ञता, भरोसा, विश्वसनीयता और सकारात्मक सामाजिक बदलाव जैसे मूल्यों पर भरोसा करते हैं, इसलिए हार्पिक और अक्षय के बीच यह साझेदारी इन मूल्यों का एक प्राकृतिक विस्तार है। (19-10)

बच्चे फंकी, टोटल नौटंकी

अहमदाबाद, अपने पिछले दो सीजन के दौरान भारत की सबसे नन्हीं एक्टिंग प्रतिभाओं के शानदार ड्रामा और अभिनय क्षमता का जश्न मनाने के बाद अब बच्चों के लिए ज़ी टीवी का एक्टिंग टैलेंट हंट शो 'इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट आया है। अपने पिछले सीजन में इस शो ने कार्तिकेय राज, कार्तिकेय मालवीय, तमन्ना दीपक और प्रणीत शर्मा जैसी प्रतिभाओं को अपना एक खास मुकाम बनाने का अवसर दिया। अब इस शो के ताजा सीजन में भी नई उभरती बाल प्रतिभाओं को उनकी एक्टिंग संवारने और कल के सुपरस्टार्स बनकर उभरने का मौका मिलेगा। इन नन्हीं प्रतिभाओं के सच्चे हुनर से उनकी पहचान कराने और मनोरंजन की दुनिया में उनका असाधारण भविष्य बनाने में मदद करने वाला 'इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़' ज़ी टीवी की 'आज लिखेंगे कल' की मूल विचारधारा का सच्चा प्रतीक है। अब अहमदाबाद में एक्टिंग की खुमारी बढ़ाते हुए शो के दिलकश होस्ट शांतनु माहेश्वरी अपने इस नए शो के बारे में बात करने आज इस शहर में पहुंचे। इस शो का प्रसारण हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे सिर्फज़ी टीवी पर किया जा रहा है।

एस्सेल विजन प्रोडक्शन्स लिमिटेड के द्वारा बनाया जा रहा यह शो पूरी तरह से पारिवारिक मनोरंजक शो है, जिसमें देश भर के बच्चे अपनी हाजिरजवाबी, प्रभावी मंच प्रस्तुति, अपनी शरारतों और अपने असीमित एक्टिंग टैलेंट से दर्शकों को प्रभावित करेंगे। इस बार न सिर्फ प्रतिभागी अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाएंगे बल्कि मेंटर्स और टैलेंटेड होस्ट्स का पैनल भी बेहतरीन मनोरंजन लेकर सामने आएगा। (19-8)

इसरो ने अंतरिक्ष यात्री बचाव प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) ने आज अंतरिक्ष यात्री बचाव प्रणाली की श्रृंखला में योग्य होने के लिए मुख्य प्रौद्योगिकी प्रदर्शन किया। यह बचाव प्रणाली परीक्षण के निष्फल होने की स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को तीव्रता से परीक्षण यान से सुरक्षित दूरी पर ले जाने की एक प्रणाली है। प्रथम परीक्षण (पैड निष्फल परीक्षण) में लॉन्च पैड पर किसी भी अत्यावश्यकता के अनुसार क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाने का प्रदर्शन किया।

पांच घंटों की सुचारू उल्टी गिनती के बाद आज श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में सुबह सात बजे पर 12.6 टन की क्षमता वाले कृतिम क्रू मापदण्डों सहित बचाव प्रणाली का परीक्षण किया गया। यह परीक्षण 259 सेकंड में पूरा हुआ। इस दौरान क्रू बचाव प्रणाली ने अंतरिक्ष में ऊँची उड़ान भरी और बाद में बंगाल की खाड़ी में वृत्ताकार में घूमते हुए अपने पैराशूट्स से पृथ्वी में प्रवेश किया। यह श्री हरिकोटा से 2.9 किमी. की दूरी पर है।

पीयूष गोयल ने कोयला खान निगरानी एवं प्रबंधन प्रणाली और 'खान प्रहरी' एप लांच किए

केन्द्रीय कोयला, रेलवे, वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री श्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सीआईएल की सहायक कंपनी रांची स्थित सीएमपीडीआई एवं भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जियो-इन्फॉरमैटिक्स (बिसाग) द्वारा विकसित मोबाइल एप्लीकेशन 'खान प्रहरी' और कोयला खान निगरानी एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस) लांच की।

श्री गोयल ने इस अवसर पर कहा कि देश में विशेषकर उन क्षेत्रों में अवैध खनन एक गंभीर समस्या है, जहां कोयला खनन का काम होता है। अवैध कोयला खनन से न केवल राष्ट्र के संसाधनों का भारी नुकसान होता है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय इस तरह की गतिविधियों में हरसंभव कमी करने के साथ-साथ इनकी रोकथाम हेतु उपयुक्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह माना जाता है कि कोयला खनन वाले क्षेत्रों (बेल्ट) में रहने वाले अनेक गरीब परिवारों की आजीविका का एक मुख्य साधन कोयला ही है, लेकिन उनकी आजीविका पूरी तरह से अवैध कोयला खनन पर ही निर्भर नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला खनन की रोकथाम न केवल राष्ट्रीय संसाधनों की बचत करने, बल्कि इस तरह के लोगों का जीवन स्तर बेहतर करने के लिए भी जरूरी है। मंत्री महोदय ने कहा कि कोयला मंत्रालय ने 'कोयला खान निगरानी एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस)' नामक एक वेब जीआईएस एप्लीकेशन और 'खान प्रहरी' नामक एक मोबाइल एप विकसित करके इस दिशा में बड़ी पहल की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान का उपयोग करने की दिशा में एक अहम कदम है, जिसकी परिकल्पना माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शांतिपूर्ण गतिविधियों के लिए की है। श्री पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर 'कोयला खान निगरानी एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस)' और 'खान प्रहरी' की लांचिंग उनके लिए बिल्कुल उचित श्रद्धांजलि है, क्योंकि वे ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के प्रतीक थे।

इस अवसर पर मंत्री महोदय ने उन सभी संबंधित लोगों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने कोयला क्षेत्र के कामकाज में उल्लेखनीय बदलाव सुनिश्चित किया है। कोयला क्षेत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कोल इंडिया ने 136.87 एमटी कोयले का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 15.2 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि कोल इंडिया ने इस दौरान अकेले विद्युत क्षेत्र को 122.84 एमटी कोयले की ढुलाई की है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 106.46 एमटी कोयले का था। कोयला मंत्रालय में सचिव डॉ. इन्दर जीत सिंह, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री अनिल कुमार झा, सीआईएसएफ के अपर महानिदेशक श्री आलोक पटेरिया, कोयला मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री आशीष उपाध्याय भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कोयला मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा सीआईएल की सहायक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों और कोयला खनन वाले क्षेत्रों से संबंधित 42 जिलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इस समारोह में भाग लिया।

पिछले 24 घंटे में हिमाचल के कांगड़ा में भारी बारिश, जनजीवन प्रभावित

शिमला। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से लेकर भारी बारिश हुयी है और कांगड़ा में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने यहां बताया कि राज्य में लगातार बारिश के बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी। मौसम निदेशक मनमोहन सिंह ने बताया, 'आज सुबह साढ़े आठ बजे दर्ज की गयी बारिश के मुताबिक, कांगड़ा में पिछले 24 घंटे के दौरान 47 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।' इसी तरह पिछले 24 घंटों के दौरान, पोंटा साहिब में 23 मिलीमीटर, सोलन में 15.4 मिलीमीटर, पालमपुर में 14 मिलीमीटर, शिमला में 11.7 मिलीमीटर और धर्मशाला में 11.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

एचसीजी अहमदाबाद में डॉक्टर्स ने रोबोटिक टेक्नोलोजी का स्व अनुभव किया

अहमदाबाद : केन्सर केयर क्षेत्र में स्पेश्यालिस्ट के तौर पर जानी जाती एचसीजी ने चिकित्सकीय समुदाय के लिए एक नवीनतम प्रकार का अनुभव प्रदान किया था। यह कार्यक्रम एचसीजी अहमदाबाद में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य डॉक्टरो को रोबोटिक्स टेक्नोलोजी की खुबियां बेहतर रुप से समझाना था।

एचसीजी की टीम द्वारा उनके सेन्टर में रोविंग रोबोट की मुलाकात लेकर द विन्सी सर्जिकल सिस्टम की सरलता को समझने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित किया था। यह सिस्टम ड्युल कोन्सोल केपेबिलिटी कि जो मिनीमली इनवेजीव सर्जरी में ट्रेनिंग एवं सहयोग के उद्देश्य से सहकार देती है। तथा सुपिरियर क्लिनिकल क्षमत्ता के लिए हाई- डेफिनेशन , थ्रीडी विजन उपलब्ध कराती है। यह टेक्नोलोजी साुण्ड सर्जिकल सिस्टम अत्याधुनिक दस गुना मेग्नीफिकेशन युक्त 3 डी एचडी विज्युलाइजेशन एवं ऑपरेटिव फिल्ड के लिएइमर्सीव व्यू तथा मानव हाथों की तुलना में बेहतर रूप से विविध दिशाओं में कार्य कर सकता है। वे नेचरल आई एवं हेन्ड इन्स्टूमेन्ट के एलाइनमेंट द्वारा ऑपन सर्जरी का अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा एचसीजी केन्सर सेन्टर अहमदाबाद दी विन्की सर्जिकल सिस्टम एक्सआई का एडवान्स वर्जन रखता है, जिसके द्वारा विशेषज्ञ की अनुभवी टीम ने 300 से्धिक रोबोटिक सर्जरी सफलता पूर्वक पूर्ण की है। (19-1)

सोनी के नये RX100 VI में हाई मैग्निफिक्रेशन झूम लेन्स का मेल

नई दिल्ली, अपनें कौम्पैक्ट कैमरों की लोकप्रिय साईबर.शौट त्100 सीरीज का विस्तार करते हुए सोनी इंडिया ने आज नवीनतम RX100 VI (मौडल DSC-RX100M6) की शुरूआत की है।

अभिनव नया RX100 VI कैमरा यह सभी RX100 मौडल्स में प्रथम है, जिस में हाई मैग्निफिक्रेशन झूम लेन्स है। इस में प्रभावीं ZEISS® वेरिओ.सोन्नार T* 24-200 मिमी F2.8 - F4.5 लार्ज अपर्चर हाई मैग्निफिक्रेशन झूम लेन्स का समावेश है लेकिन फिर भी उस वजह से सोनी के RX100 श्रृंखला की विशेषता बनी पौकेटसाईज पोर्टेबिलिटी, तेज जवाबदेही और उच्च ईमेज गुणवत्ता में कोई कमी नही आयी है। इसके स्थिर ईमेज और विडीओ के लिए व्यापक झूम, प्रभावी ईमेज गुणवत्ता और बहुमुखी प्रतिभा की वजह से ये दैनिक जीवन, शहर के दृश्य, चित्रकला, खेल, वन्यजीवन और इस बीच में सबकुछ शूट करने के लिए एक आदर्श चयन है। (19-1)

एक्ज़िम बैंक के शोध अध्ययन 'मध्य प्रदेश के लिए निर्यात रणनीति' का विमोचन

मुबई, एक्ज़िम बैंक ने मध्य प्रदेश सरकार के लिए 'मध्य प्रदेश के लिए निर्यात रणनीति' शीर्षक से एक शोध अध्ययन प्रकाशित किया है। अध्ययन का विमोचन मध्य प्रदेश के माननीय राज्यमंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, श्री संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री वी.एल. कांता राव, प्रधान सचिव, मध्य प्रदेश सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। शोध अध्ययन में मध्य प्रदेश से निर्यात की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए राज्य से निर्यात संवर्धन के लिए रणनीतियां भी चिह्नित की गई हैं।

अध्ययन में राज्य के पिछले निर्यात निष्पादन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई है। वर्ष 2012-13 से 2016-17 के बीच राज्य से निर्यात में 1.7 प्रतिशत की औसत सालाना वृद्धि दर्ज की गई और निर्यात बढ़कर 4.4 अरब यूएस डॉलर का हो गया। उल्लेखनीय है कि यह वृद्धि भारत से समग्र निर्यातों की वृद्धि से अधिक है, जिसमें इसी अवधि के दौरान गिरावट दर्ज की गई।

अध्ययन में विस्तृत विश्लेषण के आधार पर कहा गया है कि एक सक्षम निर्यात तंत्र के जरिए 2021-22 तक मध्य प्रदेश से निर्यातों का आंकड़ा 10 अरब यूएस डॉलर तक पहुंच सकता है। निर्यात के लिए बेहतर परिवेश और इस सक्षम तंत्र के निर्माण के लिए चुनिंदा क्षेत्रों पर फोकस करते हुए राज्य में संस्थागत और निर्यात इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना होगा। (1)

डाट्सुन रेडी-गो 1.0L एएमटी ड्राइवर्स को भारतीय सड़कों पर यातायात की समस्या को मात देने में सक्षम बनाएगी

भारतीय वाहन उद्योग एक स्पश्ट बदलाव के प्रतिमान से गुजर रहा है और नई टैक्नोलॉजी, न्यायसंगत मूलय निर्धारण, माइलेज में सुधार, सुगम एवं कम तनावपूर्ण सफर का वादे आदि के साथ चीजें तेजी से बदल रहीं हैं। पहले जहां लक्जरी और प्रीमियम सेगमेंट ही अक्सर ऑटो 'बॉक्सेस' से सुसज्जित रहते थे, वहीं अब किफायती प्रवेष-स्तर की कारों में भी यह आम प्रचलन में है। ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिषन (एएमटी) में वृद्धि निष्चित रूप से किफायती मूल्य पर आराम, आसानी और सुविधा के प्रति ग्राहक के झुकाव को दर्षाती है। इसके अलावा, इसने टैक्नोलॉजी को देखने के तरीके को भी बदल दिया है।

ग्राहक की संतुश्टि डाट्सुन के विकास सिद्धांत के मूल में निहित है और हमारा उद्देष्य हमेषा से ही सुविधा और सर्वोत्तम श्रेणी के फीचर्स के साथ टैक्नोलॉजी एवं इनोवेषन की पेषकष करने की रही है। मूल्य प्रस्ताव के लिहाज से डाट्सुन रेडी-गो 1.0L एएमटी सुगमता, आराम और स्टाइल चाहने वाले आकांक्षी युवा ग्राहकों की आदर्ष पसंद है। इस वैरिएंट के साथ डाट्सुन इंडिया यह सुनिष्चित करना चाहती है कि ग्राहक दो पेडल टैक्नोलॉजी और क्लच एवं गियरषिफ्ट संचालन के लिए एक्ट्यूएटर्स जैसे अभिनव विषेशताओं का लाभ उठाएं।(7-4)

भुज-जबलपुर स्पेशल ट्रेन के दो फेरे बढाए

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी बढी संख्या को देखते हुए ट्रेन संख्या 01710/01709 जबलपुर-भुज वाया इटारसी भोपाल के दो पेरे बढाये गये है।

तद्नुसार ट्रेन संख्या 01710 जबलपुर-भुज स्पेशल दिनांक 05 व 12 जुलाई (गुरूवार) को जबलपुर से तथा ट्रेन संख्या 01709 भुज-जबलपुर स्पेशल 06 व 13 जुलाई (शुक्रवार) को चलाई जायेगी। इस ट्रेन के स्टापेज, रुट तथा समय सारणी भी यथावत रहेगी। पूर्व में यह ट्रेन जबलपुर से 29 जून व भुज से 30 जून तक चलाई गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे **प्रथम शुद्धि-पत्र**

ई-निविदा संख्या- 01 of 2018-19 & 02 of 2018-19

पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा संख्या : 01 of 2018-19 उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के लूनी जं.,- मारवाड़ जं., बीकानेर-मेड़ता रोड़-जोधपुर, मेडता रोड-फुलेरा, जैसलमेर - जोधपुर-समदड़ी-भीलड़ी, रतनगढ़-डेगाना, समदड़ी जं. -बाड़मेर- मुनाबाव, मेड़ता रोड-मेड़ता सिटी, मकराना-परबतसर, पीपाड़ रोड़-बिलाड़ा और थाईयात हमीरा-सोनू खण्डों मे रेलवे ट्रैक विद्युतीकरण के कार्य के लिये ट्रैक का Foot by foot सर्वे के बाद सेक्शनिंग- सह-वायरिंग आरेख, बिजली आपूर्ति आरेख तथा पेगिंग योजना की डिजाईन (Design and preparation of sectioning-cum-wiring diagram, power supply diagram and pegging plan) तैयार करना । **के स्थान पर अब निम्न प्रकार पढा जावें** निविदा संख्या : 02 of 2018-19 उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के लूनी जं.,- मारवाड़ जं., बीकानेर-मेड़ता रोड़-जोधपुर, मेडता रोड- फुलेरा, जैसलमेर- जोधपुर- समदड़ी - भीलड़ी, रतनगढ़-डेगाना, समदड़ी जं.- बाड़मेर- मुनाबाव, मेड़ता रोड -मेड़ता सिटी, मकराना-परबतसर, पीपाड़ रोड़- बिलाड़ा और थाईयात हमीरा- सोनू खण्डों मे सर्वे एवं टी आर डी योजना तैयार करना, बिजली आपूर्ति आरेख तथा पेगिंग योजना (Survey and preparation of TRD plans, drawings Including pegging plans, layout plans(LOP) and assessment of civil Engineering, S&T works to carryout Railway Electrification) तैयार करना और सिविल इंजीनियरिंग एवं एस एण्ड टी कार्यों का मुल्यांकन तैयार करना। ई-निविदा के अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

Divisional Railway Manager/Electrical Tr.
North Western Railway, Jodhpur

733-PA/18

उत्तर पश्चिम रेलवे **निविदा संशोधन सूचना संख्या-1**

संख्या जी. 11/विनाइल रैपिंग/2018 दिनांक 03.07.18

अजमेर मंडल की निम्नलिखित ट्रेनों के डिब्बों की बाहरी सतह पर विनाइन रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु, रेलवे द्वारा प्रकाशित खुली निविदा सूचना जो कि दिनांक-09.06.2018 को समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी, जिसमे सभी जगह एक रेक की आरिक्षित दर प्रथम वर्ष केलिए व सभी रेक की आरिक्षित दर प्रथम वर्ष के लिए जो दर्शायी गई है वह पूरे निविदा पत्र में सभी जगह (सभी कर रहित) निम्न संशोधन अनुसार पढ़ी जाए:-

क्र. सं.	ट्रेन नं.	कहां से-कहां तक	रेक की सं.	एक रेक में डिब्बों की सं.	एक रेक की आरक्षित दर प्रथम वर्ष के लिए (रू)	सभी रेक की आरक्षित दर प्रथम वर्ष के लिए (रू)	निविदा फॉर्म शुल्क	बयाना राशि (रू)
1	59601/ 59602	मारवाड़ जं.-अजमेर -मारवाड़ जं.	1	9	134747	134747	2000	3180
2	59607/ 59608	अजमेर-पुष्कर टर्मिनस-अजमेर						
3	59603/ 59604	अजमेर-उदयपुरसिटी - अजमेर	2	9	136895	273790	2000	6462
4	59605/ 59606	चित्तोड़गढ़-उदयपुर सिटी-चित्तोड़गढ़						

शेष सभी निविदा संबंधित विवरण उत्तर पश्चिम रेलवे की वेबसाइट **www.nwr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोटः** सभी संभावी निविदाकृताओं से अनुरोध है कि इस निविदा से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु, वे नियमित रूप वेबसाईट देखें।

735-PA/18 मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उ.प.रेलवे, अजमेर।